Seat No. : _____

MK-111-H

April - 2018

B.Com, Sem.-I

CE-101 (A) : Financial Accounting – I

Time : 3 Hours] **[Max. Marks : 70**

(Hindi Version)

सूचना : (i) दाहिनी ओर के अंक गुणांक दर्शाते हैं ।

(ii) आवश्यक गणनाएँ आपके जवाब का ही भाग है ।

1. निम्नलिखित बहुविकल्पी प्रश्नों के सही जवाब चुनकर लिखिए : (कोई भी **सात**) **14**

(1) रोकड़ का किश्तों में वितरण में यदि लाभ–हानि खाते की उधार शेष दी हो तो :

(a) साझेदारों के पूँजी खाते में जमा किया जाता है ।

(b) साझेदारों के पूँजी खाते में से घटाया जाता है ।

(c) रोकड़ शेष में से घटाया जाता है ।

(d) उपरोक्त कोई नहीं

(2) रोकड़ का किश्तों में वितरण में वितरण पद्धति की शुरुआत होती है :

(a) साझेदारों के ऋण वापस करने के पश्चात

(b) अन्य व्यक्तियों का भुगतान करने के पश्चात

(c) साझेदारों को अतिरिक्त पूँजी वापस करने के पश्चात

(d) उपरोक्त कोई नहीं

(3) समामेलन पूर्व का लाभ है :

(a) राजस्व लाभ (b) पूँजी लाभ

(c) लाभ नहीं है (d) उपरोक्त कोई नहीं

(4) कंपनी के द्वारा खरीदी गई मिलकत का मूल्यह्रास समामेलन के पूर्व तथा पश्चात की अवधि के मध्य वितरण किया जाता है :

(a) केवल समामेलन पश्चात अवधि में (b) केवल समामेलन पूर्व अवधि में

(c) समय अनुपात में (d) उपरोक्त कोई नहीं

(5) सारिणी A के अनुरूप ₹ 100 का एक ऐसे इक्विटी शेयर जारी करने के समय कम से कम मांग की रकम है :

(a) ₹ 5 (b) ₹ 10

(c) ₹ 20 (d) इनमें से कोई नहीं

(6) स्वेट इक्विटी शेयर का क्या अर्थ है ?

(a) कंपनी द्वारा कर्मचारियों को बट्टे अथवा रोकड़ के बदले जारी किए इक्विटी शेयर ।

(b) कंपनी द्वारा डायरेक्टरो को बट्टे अथवा रोकड़ के बदले जारी किए इक्विटी शेयर ।

(c) तकनीकी जानकारी अथवा बौद्धिक सम्पत्ति के अधिकारों को प्रदान करने के बदले जारी किए इक्विटी शेयर

(d) उपरोक्त सभी

(7) निम्नलिखित में से कौन सा फंड पूर्ण रूपेण बोनस शेयर दिए जाने हेतु उपयोग में लिया जाता है ?

(a) पूँजी विमोच्य आरक्षित निधि (b) ऋणपत्र विमोच्य आरक्षित निधि

(c) सामान्य संचय (d) उपरोक्त कोई नहीं

(8) किस प्रकार के प्रायिकता शेयर विमोचित किए जाते हैं ?

(a) पूर्ण भरपाई किए प्रायिकता शेयर (b) अंशतः भरपाई किए प्रायिकता शेयर

(c) रूपांतरणीय प्रायिकता शेयर (d) उपरोक्त कोई नहीं

(9) कंपनी अधिनियम, 2013 के परिशिष्ट–3 के अनुसार भुगतान नहीं हुआ आयकर निम्न में से किस शीर्षक के नीचे दर्शाया जाता है ?

(a) अन्य चालू देनदारियाँ (b) अल्पकालीन उधार देनदारियाँ

(c) अल्पकालीन प्रावधान (d) व्यापार में भुगतान योग्य खर्चे

2. अक्षय, अनिल और अरुण 2 : 2 : 1 के अनुपात में लाभ–हानि के साझेदार हैं । उनकी फर्म का ता. 31-03-2017 की तारीख का तुलनपत्र नीचे दिए अनुसार है : **14**

देनदारियाँ		₹	परिसम्पत्तियाँ	₹
भागीदारों के पूँजी खाते :			स्थायी मिलकत	50,000
अक्षय	25,000		अन्य चालू मिलकत	26,000
अनिल	16,000		रोकड़ तथा बैंक	15,000
अरुण	10,000	51,000	लाभ–हानि खाता	10,000
बैंक ऋण		40,000		
लेनदार		10,000		
		1,01,000		**1,01,000**

₹ 5,000 विसर्जन खर्च हेतु अनामत रखा गया । वास्तविक विसर्जन खर्च ₹ 4,000 हुआ ।

मिलकतों से निम्नानुसार उपजा :

	₹
प्रथम किश्त	18,000
दूसरी किश्त	28,000
तीसरी किश्त	17,000
चौथी तथा आखरी किश्त	11,000

उपरोक्त माहिती से पूँजी आधिक्य की पद्धति से रोकड़ का किश्तों में वितरण दर्शाता पत्रक तैयार कीजिए ।

अथवा

वैभव लि. की बहीयों से निम्नानुसार माहिती प्राप्त है :

चालू व्यवसाय खरीद की तारीख 1-1-2016

समामेलन की तारीख 1-4-2016

वार्षिक हिसाबों की तारीख 31-12-2016

नामे **ता. 31-12-2016 को पूर्ण होते वर्ष का व्यापार खाता** **जमा**

विवरण	₹	विवरण		₹
आरम्भिक स्टॉक	30,000	बिक्री		
खरीदी	1,70,000	ता. 31-3-2016 तक	75,000	
सकल लाभ	1,20,000	ता. 31-12-2016 तक	2,25,000	3,00,000
		अंतिम स्टॉक		20,000
	3,20,000			**3,20,000**

लाभ–हानि खाता

प्रशासनिक खर्च	27,000	सकल लाभ	1,20,000
मूल्यह्रास	3,000	शेयर फेरबदली शुल्क	2,000
अशोध्य ऋण	6,000	प्राप्त भाड़ा	3,000
विज्ञापन	9,000		
प्राथमिक खर्च	6,000		
संचालकों का शुल्क	5,000		
ऑडिट शुल्क	1,500		
बिक्री खर्च	9,000		
ऋणपत्रों पर ब्याज	4,500		
शुद्ध लाभ	54,000		
	1,25,000		**1,25,000**

उपरोक्त माहिती से व्यवसाय खरीद पूर्व तथा व्यवसाय खरीद पश्चात लाभ दर्शाता पत्रक तैयार कीजिए ।

3. मयंक कंपनी लिमिटेड ने ₹ 100 का एक ऐसे 50,000 इक्विटी शेयर 20% प्रीमियम से आम जनता के लिए जारी किए । प्रति शेयर रकम निम्नानुसार मांग की गई है : **14**

	₹
आवेदन के साथ	20
स्वीकृति पर	40 (प्रीमियम के साथ)
प्रथम किश्त पर	30
दूसरी किश्त पर	30

कुल 80000 शेयर आवेदन प्राप्त हुए । जिनमें से 5000 आवेदन अस्वीकृत किए गए । बाकी आवेदकों को प्रमाण के अनुसार आबंटित किए गए । आवेदन के साथ प्राप्त अतिरिक्त राशि मंजूरी के अनुरूप जमा रखी गई ।

राघव ने, जिनको 200 शेयर आबंटन किए गए, स्वीकृति और किश्त की रकम नहीं भरी ।

पंकज ने, जिनको 100 शेयर आबंटन किए गए, पहली तथा दूसरी किश्त की रकम नहीं भरी ।

उपरोक्त दोनों शेयरधारकों के शेयर जप्त किए गए । उसके पश्चात पूर्ण भरपाई की गई मानते हुए प्रति शेयर ₹ 80 पुनः जारी गिए, जो पूर्ण भरपाई हुए ।

दी गई माहिती से कंपनी की बही में जरूरी आम प्रविष्ठियाँ लिखिए ।

अथवा

(A) आकाश लिमिटेड का ता. 31-3-2017 का तुलन–पत्र निम्नानुसार है : **7**

देनदारियाँ	₹	परिसम्पत्तियाँ	₹
शेयर पूँजी :		स्थायी मिलकत	20,00,000
₹ 100 का एक ऐसे 20000 इक्विटी शेयर	20,00,000	देनदार	2,00,000
सामान्य अनामत	8,00,000	स्टॉक	7,00,000
प्रतिभूति प्रीमियम	2,00,000	बैंक रोकड़	8,00,000
लाभ–हानि खाता	2,00,000		
8% के ऋणपत्र	4,00,000		
लेनदार	1,00,000		
	37,00,000		**37,00,000**

कंपनी अपने ₹ 100 का एक ऐसे 5000 इक्विटी शेयर ₹ 140 के भाव से खरीदना चाहती है । इस हेतु कंपनी ₹ 100 का एक ऐसे 2000, 9% के विमोच्य प्रायिकता शेयर जारी करती है, जो पूर्ण भरपाई हुए ।

दी गई माहिती से कंपनी की बहीयों में आम प्रविष्टियाँ लिखिए तथा उसके पश्चात का तुलन-पत्र तैयार कीजिए ।

(B) संक्षेप मे टिप्पणी लिखिए : (कोई भी **दो**) **7**

(1) शेयर की पुनःखरीदी

(2) स्वेट इक्विटी शेयर

(3) बुक बिल्डिंग प्रक्रिया

(4) शेयर जप्ती

4. मून कंपनी लिमि. का ता. 31-3-2017 का तुलन-पत्र निम्नानुसार है : **14**

देनदारियाँ	₹	परिसम्पत्तियाँ	₹
₹ 100 का एक ऐसे 12000 इक्विटी शेयर	12,00,000	जमीन	6,00,000
₹ 100 का एक ऐसे 6000, 8% के		मकान	5,50,000
प्रायिकता शेयर, प्रति शेयर ₹ 80 भरपाई हुए	4,80,000	संयंत्र-मशीन	3,50,000
प्रतिभूति प्रीमियम	30,000	निवेश	2,00,000
सामान्य अनामत	2,45,000	स्टॉक	2,50,000
लाभ-हानि खाता	1,45,000	देनदार	3,00,000
लेनदार	3,00,000	बैंक-रोकड़	1,50,000
	24,00,000		**24,00,000**

उपरोक्त तारीख को कंपनी ने कंपनी अधिनियम के आवश्यक प्रावधानों का पालन करते हुए प्रायिकता शेयर 10% प्रीमियम पर विमोचित करना निश्चित किया ।

इस हेतु विमोच्य प्रायिकता शेयर विमोचित करने के पश्चात बैंक रोकड़ ₹ 90,000 बना रहे इस तरह आवश्यक संख्या ₹ 100 का एक ऐसे इक्विटी शेयर मूल कीमत पर जारी करेगी । सभी निवेशों को ₹ 1,80,000 में बेच दिया गया । सभी प्रायिकता शेयरधारकों को राशि का भुगतान कर दिया गया ।

कंपनी की बहीयों में उपरोक्त व्यवहारों से संबंधित जरूरी आम प्रविष्टियाँ लिखते हुए उसके पश्चात का तुलना–पत्रक तैयार कीजिए ।

अथवा

(A) आशा कंपनी लिमिटेड प्रत्येक पाँच इक्विटी शेयरों पर पूर्ण भरपाई तीन इक्विटी शेयर बोनस के रूप में देने की घोषणा करती है । कम्पनी की बहीयों में ता. 31-3-2017 का शेष निम्नानुसार है : **7**

	₹
₹ 100 का एक ऐसे 6400 इक्विटी शेयर	6,40,000
सामान्य अनामत	2,10,000
पूँजी विमोच्य अनामत	3,20,000
प्रतिभूति प्रीमियम	1,60,000

दी गई माहिती से बोनस शेयर जारी करने हेतु यथोचित अनामत का उपयोग करते हुए जरूरी आम प्रविष्ठियाँ लिखिए ।

(B) संक्षिप्त टिप्पणी लिखिए : (कोई भी **दो**) **7**

(1) बोनस शेयर

(2) हक के शेयर

(3) विमोच्य प्रायिकता शेयर

5. भारत लिमि. का ता. 31-3-2017 का कच्चा चिट्ठा निम्नानुसार है : **14**

विवरण	नामे (₹)	जमा (₹)
खरीदी तथा बिक्री	5,00,000	18,00,000
माल वापस	30,000	50,000
वेतन तथा बकाया वेतन	70,000	10,000
प्रोविडेंड फंड तथा प्राविडेंट फंड में अंशदान	10,000	70,000
देनदार तथा लेनदार	1,00,000	60,000
विपत्र	46,000	20,000
रोकड़ तथा बैंक	90,000	30,000
ऋणपत्र वापसी निधि तथा ऋणपत्र वापसी निधि का निवेश	1,00,000	1,00,000
स्टॉक (ता. 1-4-2016)	1,10,000	
मजदूरी	1,90,000	
भाड़ा	20,000	
ऑडिट फीस	10,000	
प्रशासनिक खर्च	60,000	
ऋणपत्र का ब्याज	24,000	
ब्याज तथा लाभांश		20,000
विविध आय		30,000
चालू वर्ष का अग्रिम आयकर चुकाया	1,00,000	
यंत्र	10,00,000	
मकान	15,00,000	
फर्निचर	3,00,000	
दीर्घावधि निवेश	2,00,000	
इक्विटी शेयर पूँजी		8,00,000
9% की प्रायिकता शेयर पूँजी		2,00,000
सामान्य अनामत		2,00,000
8% के ऋणपत्र		6,00,000
लोक जमाएँ		2,50,000
लाभ–हानि खाता (1-4-2016)		2,20,000
	44,60,000	**44,60,000**

अतिरिक्त जानकारी :

(1) अंतिम स्टॉक का मूल्य ₹ 2,50,000 लिया गया है ।

(2) मूल्यह्रास का प्रावधान :

मकान 10%

यंत्र तथा फर्निचर 20%

(3) देनदारों पर 10% के हिसाब से अशोध्य ऋण अनामत का प्रावधान कीजिए ।

(4) ₹ 50,000 सामान्य अनामत खाते में लीजिए तथा ₹ 40,000 ऋणपत्र विमोचन निधि खाते में रखिए ।

(5) कंपनी के निर्देशकों ने इक्विटी शेयरों पर 15% के हिसाब से लाभांश की सिफारिश की है ।

(6) शुद्ध लाभ का 50% के हिसाब से कराधान का प्रावधान किया जाना है ।

उपरोक्त माहिती से कंपनी अधिनियम, 2017 के परिशिष्ट-III के अनुसार ता. 31-3-2017 को पूर्ण होते वर्ष के अन्तिम खाते तैयार कीजिए ।